# थ्रेसर में फंस कर महिला की मौत

## एक हाथ कटकर हुआ अलग, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम बुढ़हान रामपुर में मंगलवार सुबह एक हृदयविदारक हादसा हुआ, जिसमें ग्राम नरवार निवासी 40 वर्षीय विधवा महिला फूल बाई पति स्व. तम्मा बैगा की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के दौरान महिला का एक हाथ शरीर से अलग हो गया और कमर से ऊपर का हिस्सा बुरी तरह चोटिल हो गया। हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 9 बजे नरवार के एक कृषक द्वारा खेत में चने की कटाई के लिए थ्रेसर मशीन का उपयोग किया जा रहा था। यह थ्रेसर जरहा निवासी एक कारोबारी का बताया जाता है। कार्य के दौरान अचानक लापरवाही वश फूल बाई मशीन की चपेट में आ गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद थ्रेसर मालिक ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को तुरंत ऑटो के माध्यम से अस्पताल भेजा, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

महिला की मौत के बाद शव को गांव लाया गया, जहां ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया। इसके उपरांत शव को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मृतका के पति तम्मा बैगा का पहले ही निधन हो चुका था, जिसके बाद वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही थी। परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं, जिनकी पूरी जिम्मेदारी मृतका के कंधों पर थी। इस हादसे के बाद उनके जीवनयापन पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

घटना की सूचना मिलते ही नौरोजाबाद पुलिस सक्रिय हो गई और जल्द ही घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक जांच और कानूनी प्रक्रिया शुरू की। शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हादसा लापरवाही का नतीजा था या कोई अन्य कारण इसके पीछे था।

# स्कूलों में पहले दिन उत्सव का रहा माहौल

## केशवाही में जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित





**शहडोल, देशबन्धु।** 1 अप्रैल से शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई। स्कूलों में पहले दिन एक उत्सव सा माहौल था और स्कूल आने वाले विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें कक्षाओं में बैठाया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों को प्रवेश भी दिलाया गया। स्कूल चलो अभियान वर्ष 2025-26 का जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवाही के प्रांगण में आयोजित हुआ।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र जैतपुर के लोकप्रिय विधायक जयसिंह मरावी रहे जबकि जनपद पंचायत बुरार के उपाध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य के साथ-साथ ग्राम पंचायत केशवाही एवं आसपास के सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस अवसर पर एडीएम सरोधन सिंह, एसडीएम जैतपुर अमृता गर्ग, डीपीसी अमरनाथ सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची, जनपद शिक्षा केंद्र बुढार के समन्वयक सीताराम दुबे, बीएससी मनोज शुक्ला, प्रमोद पारस, भूपेंद्र मिश्रा एवं जन शिक्षक के साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवाही समस्त स्टाफ सम्मिलित हुए।

## सार-समाचार



### जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली छुड़ा ले गया आरोपी

### वन विभाग को चकमा देकर हुआ फरार; पुलिस में शिकायत दर्ज

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में सोमवार रात अवैध रेत खनन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली को वन विभाग की ओर जब्त किया गया। लेकिन आरोपी धोखे से ट्रैक्टर-ट्राली को लेकर फरार हो गया। सोमवार शाम को वन परिक्षेत्र चंदिया के बीट धतूरा के आरएफ 12 में अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिली। सूचना पर परिक्षेत्र सहायक चंदिया की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने मौके से अवैध खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त कर लिया। परिक्षेत्र सहायक सीपी पांडेय ने बताया कि वाहन मालिक सौरभ सिंह धतुरा का निवासी है। उसने परिक्षेत्र कार्यालय ले जाने का बहाना बनाया। इसी दौरान वह ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके से फरार हो गया। वन विभाग ने इस मामले में थाना चंदिया में शिकायत दर्ज कराई है। विभाग की टीम वाहन की तलाश कर रही है। साथ ही पीओआर की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

### नकद पुरस्कार योजना का लाभ उठाएं पशुपालक

**पन्ना, देशबन्धु।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार योजना संचालित की गई है। इसके लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के इच्छुक पशुपालक आगामी 4 अप्रैल को दोपहर 2 बजे तक विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी के पास आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। विभाग के उप संचालक से मिली जानकारी अनुसार सभी पशुपालकों से निकटतम पशु चिकित्सा संस्था में संपर्क कर अधिकाधिक संख्या में नामांकन करवाने तथा अपनी गायों को प्रतियोगिता में शामिल कर योजना का लाभ उठाने की अपील की गई है।

पन्ना जिले में 2 से 8 अप्रैल के मध्य मूल गौवंशीय केनकठा नस्ल और भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें दोनों नस्ल के लिए जिला स्तर पर पृथक-पृथक प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21 हजार रूपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रूपए नकद प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तरीय परिणाम के आधार पर पशुपालक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इसमें बतौर प्रथम पुरस्कार 2 लाख रूपए, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख रूपए एवं तृतीय पुरस्कार 50 हजार रूपए निर्धारित है। केनकठा नस्ल की गाय में प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन क्षमता चार लीटर अथवा अधिक होना चाहिए, जबकि भारतीय उन्नत नस्ल के गौवंश की प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन क्षमता 6 लीटर अथवा अधिक होना आवश्यक है। इसके अलावा गौवंश की टैगिंग यूनिक आईडी के साथ समस्त जानकारी इनाफ पोर्टल पर दर्ज होना भी जरूरी है।

### विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**ब्यौहारी, ब्यौहारी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यौहारी द्वारा 28/03/25 को अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर के एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया जिसमें प्रमुख रूप से रेत की ओवरलोडिंग बंद की जाए, रेलवे तिराहा से मऊ तक वाहनों की गति 20 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की जाए, रेलवे तिराहा से लेकर सिविल न्यायालय तक सीसीटीवी कैमरे लगवाए जायें , रेत ठेकेदारों द्वारा ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में वाहनों को तेज गति से चलते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए नगर परिषद के अंदर सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 के बाद ही लोडिंग अनलोडिंग कराया जाए सिविल न्यायालय के पास बस स्टॉप बनाया जाए 20 मार्च को तहसील के पास एक्सीडेंट हो जाने के बाद अधिवक्ता धरने पर बैठ गए थे उनके खिलाफ प्रशासन द्वारा मामला पंजीकृत किया गया उसको तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए यदि 15 दिवस के अंदर इन सब मुद्दों पर कार्रवाई नहीं की जाती तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन,आमरण अनशन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

# तालाब जीर्णोद्धार कार्य में किया श्रमदान



**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में 30 जून तक जल संवर्धन अधियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों में जल संवर्धन एवं संरक्षण के कार्य किए जा रहे। जल संवर्धन अभियान में आम जन भी ब?च? कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में बने तालाब, नाले, बावली सहित अन्य जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अपर कलेक्टर सरोधन सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल एम पी सिंह ने जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत मलया 2 के फूटहा तालाब में जीर्णोद्धार के कार्य में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए श्रमदान किया तथा आम जन से जल संरक्षण करने की अपील भी की।

# कुरकुचा गांव के निर्माण कार्यों पर उठे सवाल



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के पाली विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरकुचा वैसे भी हमेशा सुर्खियों में रहा है चाहे फर्जी भुगतान की बात करें या निमार्णाधीन कार्य छोड़ पुरी राशि अहरण की पर जब से दागी सचिवों ने कुरकुचा पंचायत की कमान संभाली है तब से तों गुणवत्ता हीन निर्माण कार्यों में भी अब्बल देखा जा रहा है।

चाहे पाइप पुलिया निर्माण कार्य हो या स्टाप डेम या स्वक्षता अभियान के तहत नाली निर्माण या फिर सीसी सड़क हों सभी कार्यों में सचिव सरपंच अपना परचम लहरा रहे हैं सरकार विकास कार्यों को लेकर अनेकों योजनाएं बना तीजोरी खोल रखीं हैं की गांव गरीब की जनता को वो सब सुविधाएं सरलता पूर्वक मुहैया हो इसी लिए जिले से लेकर जनपद और ग्राम पंचायतो में अपने मातहत कर्मचारी तैनात कर रखे हैं की सरकार की योजनाएं एवं योजना का लाभ सभी को मिलें लेकिन यहां सब उल्टी गंगा बहती दिखाई दे रही है क्योंकि सरकार की मंशा में पानी फिरता दिख रहा है।

बेपरवाह मुलाजिमो को सरकार की खानी तों है पर कार्य मनमाफिक तरीके से करना है जबकि मध्यप्रदेश सरकार ने सभी कार्यों के लिए एक गाईड लाईन तैयार कर कार्य करती हैं। प्रशिक्षण दे अपने अधिकारियों कर्मचारियों को दक्ष भी बनती हैं पर प्रशिक्षण ले कर कागजों तक ही सिमट जातें हैं। जबकि किसी भी कार्य को करने के पहले अनेकों प्रक्रियाओं को कर कार्य प्रारंभ होते हैं पर अगर जिम्मेदार सहीं सही सब कुछ देखने लगें तो खुशामद बन्द हो जाएंगी इसी लिए संरक्षण दे हिस्सेदार बनना पसन्द करते हैं।

नतीजा पंचायतो को निमार्ण कार्यों को करने की खुली छूट दे दी जाती है निमार्ण कार्य शुरू होने से पूर्व सबसे पहले बैठक बुला प्रस्ताव बनाते हैं सभी की सहमति के बाद ग्राम सभा बुला प्रस्ताव पारित करते हैं फिर राजस्व निरीक्षक के द्वारा स्थान चिन्हित करते हैं फिर स्टीमेट बना राशि की मांग कर विज्ञापन जारी कर पुरी प्रक्रिया कर पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों के समक्ष कोटेशन कों खोल सबसे कम दर पर मैटेरियल सप्लाई करने वाले को पास कर लिखित में पुरी मैटेरियल गिरा कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया होती है पर यहां शासन प्रशासन के सभी नियम कायदों को दरकिनार कर मनमानी तरीके से कार्य कराया जा रहा है और अपने स्वयं के विकास की चिंता जरूर दिखाई दे रही है गांव का विकास हो चाहे न हो देखना लाजमी होंगा की यह भर्रे।

# दिनदहाड़े लूट के बाद महिला की हत्या

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के तारादेही थाना क्षेत्र के बांसनी गांव में मंगलवार सुबह एक दिल दहलाने वाला घटनाक्रम सामने आया है। जहां एक आरोपी ने दलित महिला के घर में घुसकर पहले उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया और जब महिला ने विरोध किया तो तलवार और पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी। इसी दौरान महिला को बचाने आए दो सगे भाइयों पर भी आरोपी ने तलवार से हमला कर घायल कर दिया।

*बचाने आए दो सगे भाइयों पर भी आरोपी ने किया तलवार से हमला*

घटना के बाद आरोपी गांव में भाग गया जिसका ग्रामीणों ने पीछा किया। एक छत पर चढ़ने के बाद आरोपी ने ग्रामीणों पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

घटना में घायल बृजेश बेन और पप्पू बेन ने बताया कि बांसनी गांव के मुकेश यादव ने उनकी पड़ोसी बुजुर्ग महिला मूलाबाई अहिरवार (55) की हत्या कर दी है। महिला अकेली रहती थी। मंगलवार सुबह 9:00 बजे आरोपी मुकेश महिला के घर में घुसा उसने पहले महिला के गले का ताबीज छीना और उसके बाद नाक की नथ खींची।

महिला चिल्लाई तो दोनों भाई मौके पर पहुंचे तभी आरोपी ने तलवार और पत्थर मारकर महिला की हत्या कर दी। दोनों भाइयों ने महिला को बचाने का प्रयास किया तो आरोपी मुकेश यादव ने उन पर भी तलवार से हमला कर दिया और भागते हुए एक घर की छत पर चढ़ गया। महिला के पति की 15 साल पहले मौत हो गई है और उसके दो बेटे घर से करीब 2 किलोमीटर दूर रहते हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरा गांव दहशत में है।

आरोपी एक घर की छत पर हाथ में तलवार लिए ग्रामीणों पर पथराव कर रहा है। वहीं सड़क पर खड़े ग्रामीण भी अपने बचाव में उस पर पत्थर फेंक रहे हैं। इसी बीच आरोपी तलवार हाथ में लेकर गांव से भाग निकला। तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने आरोपी मुकेश यादव पर हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# प्रतिदिन रिव्यू कर लंबित शिकायतों का करें प्रभावी निराकरण : कलेक्टर

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान विभागवार लंबित विभिन्न प्रकार की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा कर अधिकारियों को प्रतिदिन रिव्यू कर समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं।

साथ ही लंबित टीएल के निराकरण के लिए भी विधिवत रूप से वांछित कार्यवाही पूर्ण कर अविलंब नस्ती प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इस सप्ताह 68 टीएल पत्रों के निराकरण की भांति आगामी सप्ताह में भी टीएल निराकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई की लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान कहा कि इसमें काफी निराकरण अपेक्षित है, इसलिए जनसुनवाई प्रकरणों का निराकरण भी गंभीरतापूर्वक किया जाए।

ग्राम पंचायत अथवा विकासखण्डस्तरीय जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी भी आवेदकों की शिकायत अथवा समस्याओं का त्वरित समाधान करें, जिससे हितग्राही को अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय तक आवागमन न करना पड़े।

कलेक्टर श्री कुमार ने 50 दिवस से अधिक समयावधि की विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों तथा आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। कम प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को विशेष रूप से वर्तमान माह की शिकायतों सहित नवीन शिकायतों का भी समानांतर रूप से निराकरण के निर्देश दिए गए।

साथ ही अपात्रता के मामलों पर चिन्हित शिकायतों को स्पेशल क्लोज कराने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्व, ऊर्जा विभाग सहित अधिक लंबित प्रकरण वाले विभाग लंबी अवधि के शिकायतों का निराकरण सजगतापूर्वक कार्यवाही कर संतुष्टिपूर्ण तरीके से करें।

समस्त तहसीलदार द्वारा किसानों की समस्याओं का निराकरण कर स्वयं अथवा पटवारी के माध्यम से निराकृत शिकायत के संबंध में सूचित करें और आवश्यक होने पर घर पहुंचकर दस्तावेज भी सौंपें।

# सीएम राइज स्कूल पन्ना के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी हुए शामिल





**पन्ना, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को विभिन्न स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर स्थित सीएम राइज स्कूल पन्ना में नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव सहित कलेक्टर सुरेश कुमार शामिल हुए और कक्षाओं में नव प्रवेशित बच्चों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली।

अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर विद्यार्थियों का शाला आगमन पर स्वागत किया गया। साथ ही निःशुल्क पुस्तकों के सेट का वितरण भी किया गया। अतिथियों द्वारा विगत कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। विद्यार्थियों ने प्रवेश उत्सव पर्व पर नृत्य नाटिका की आकर्षक प्रस्तुति दी। चार दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को विद्यालयों में भविष्य से भेंट, गुरूवार को सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता तथा शुक्रवार को हार के आगे जीत है कार्यक्रम एवं शाला विकास प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, जिला शिक्षा अधिकारी रवि प्रकार खरे, जिला प्रभारी विपिन वर्मा, डीपीसी अजय गुप्ता सहित एडीपीसी भारती श्रीवास्तव, बीआरसी कविता त्रिवेदी, सहायक समन्वयक विभूति मोहन पटेरिया, जिला व्यवसायिक समन्वयक पुष्पराज सिंह परमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा, सहायक समन्वयक गोविन्द तिवारी, के.एस. त्रिपाठी, प्राचार्य जयकरण पटेल, हरी नारायण पाण्डेय भी उपस्थित रहे। जिले के अन्य विद्यालयों में भी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।